तूँ है मेरा खिवईया

तूँ है मेरा खिवईया, मैं हूँ तेरी नईया,
नईया यह डोलने ना, देना कन्हईया,
मुझे सागर में छोड़ नहीं, देना कन्हईया
तूँ है मेरा खिवईया...........

नईया पुरानी, लहर तूफानी, मीलों दूर किनारा
दुनियां है फानी, गहरा है पानी, "मन माँझी हारा"
पतवार थाम लेना, ओ बँसी बजईया ,
नईया यह डोलने ना, देना कन्हईया,
मुझे सागर में छोड़ नहीं, देना कन्हईया
तूँ है मेरा खिवईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

तुम तो हो प्यारे, तारनहारे, साँवरिया गिरधारी
पापी अधर्मी, पार उतरे, "आ के शरण तिहारी"
मुझको भी तार दीजे, ओ जग के रचईया,
नईया यह डोलने ना, देना कन्हईया,
मुझे सागर में छोड़ नहीं, देना कन्हईया
तूँ है मेरा खिवईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

रखते ही आए, सब की मोहन, लाज रखनी है मेरी
सुनके पुकार, साँवरे आओ, "देरी न करिओ घनेरी"
मेरी आस तुम ही हो, ओ बृज के बसईया,
नईया यह डोलने ना, देना कन्हईया,
मुझे सागर में छोड़ नहीं, देना कन्हईया
तूँ है मेरा खिवईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9471/title/tu-hai-mera-khawaiya-main-hu-teri-naiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |